# ब्रैम्पटन में कैनेडा डे 2022

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (23 जून, 2022) – कैनेडा डे (Canada Day), शुक्रवार, 1 जुलाई को है।

फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज (Fire and Emergency Services), ट्रैफिक सर्विसिज (Traffic Services), बाइ-लॉ एन्फोर्समेंट (By-Law Enforcement), रोड ऑपरेशंस (Road Operations), और सिक्योरिटी सर्विसिज (Security Services) सहित, सभी महत्वपूर्ण सेवाएं, हमारी कम्युनिटी की मदद के लिए पहले की तरह ही जारी रहेंगी।

किसी भी सवालों के लिए निवासी, 311 पर या 905.874.2000 (ब्रैम्पटन के बाहर से) पर फोन कर सकते हैं, ब्रैम्पटन 311 (Brampton 311) ऐप (जो ऐप स्टोर (App Store) या गूगल प्ले (Google Play) पर उपलब्ध है) का उपयोग कर सकते हैं, www.311brampton.ca पर जा सकते हैं या 311@brampton.ca पर ईमेल कर सकते हैं। हम, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन या रीजन ऑफ पील (Region of Peel) के किसी भी मुद्दों के लिए, 24/7 उपलब्ध हैं।

**कैनेडा डे 2022 का जशन मनाएं**

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन को अपने व्यक्तिगत कैनेडा डे के जशन के वापस आने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह चिंग्कूज़ी पार्क (Chinguacousy Park) में 1 जुलाई को, दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक होगा। ब्रैम्पटन का कैनेडा डे का जशन, शहर का सबसे बड़ा एक दिन का कार्यक्रम है, जिसमें लाइव मनोरंजन, कला, संस्कृति, फूड, पटाखों आदि से भरपूर अवसरों का जशन मनाया जाता है!

कैनेडा डे कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी के लिए, brampton.ca/canadaday पर जाएं।

**पटाखों से सुरक्षा**

कैनेडा डे, साल के उन चार दिनों में से एक है, जब ब्रैम्पटन में निजी प्रॉपर्टी पर, अनुमति के बिना, छोटी-रेंज के पटाखों की अनुमति होती है। बाइ-लॉ के अंतर्गत, विक्टोरिया डे (Victoria Day), दीवाली (Diwali) और नववर्ष (New Year's Eve) को भी पटाखे चलाने की अनुमति होती है।

छोटी-रेंज के पटाखे ऐसे पटाखे हैं, जो चलाए जाने पर 3 मीटर (10 फुट) से कम दूरी तक जाते हैं (उदाहरण के लिए, अनार, चक्कर, ज़मीनी चक्कर, फुलझड़ियां)। जो मोटे तौर पर ब्रैम्पटन ट्रांज़िट (Brampton Transit) की बस या बास्केटबॉल हूप जितनी ऊंचाई पर जाते हों।

अन्य सभी रॉकेट किस्म में पटाखों पर ब्रैम्पटन में पाबंदी है। सिटी निवासियों को याद दिलाती है कि पटाखों को स्ट्रीट में, साइडवॉक्स पर, सिटी के पार्कों के अंदर या म्युनिसिपल या स्कूल की अन्य प्रॉपर्टीज पर चलाने की अनुमति नहीं है।

निजी प्रॉपर्टी पर छोटी-रेंज़ के पटाखे चलाते समय, निवासियों के लिए इन सुरक्षा सावधानियों का पालन करना आवश्यक है:

- अपने पास पानी का कंटेनर या पानी से भरी कोई होज़ लाइन रखें, जो पटाखे बुझाने के लिए उपलब्ध हो।
- फुलझड़ियों के अलावा, कभी भी पटाखों को अपने हाथों में पकड़कर न चलाएं या जलते हुए पटाखों को हाथ में न पकड़ें।
- कभी भी पटाखों को अन्य लोगों पर न फैंकें या उनकी तरफ करके न चलाएं।
- फुलझड़ियां चलाने के बाद, उनका निपटारा करने से पहले, पूरी तरह से ठंडा होने के लिए उन्हें पानी के कंटेनर में डाल दें।
- सभी पटाखों का निपटारा करने से पहले, उन्हें पूरी तरह से ठंडा होने दें।

हर वर्ष, पटाखा विक्रेताओं के लिए, पटाखे बेचने के लिए लाइसेंस धारक होने के लिए सिटी से ट्रेनिंग लेनी जरूरी है। सिटी ने विक्रेताओं के लिए ऑनलाइन ट्रेनिंग की पेशकश की है। कैनेडा डे के लिए, पटाखों के लाइसेंस जारी नहीं किए गए हैं। यदि निवासी देखें कि ब्रैम्पटन में स्टोर्स पर या कहीं और पटाखे बेचे जा रहे हैं, तो उनसे अनुरोध है कि वे, सर्विस ब्रैम्पटन (Service Brampton) को 311 पर या 905.874.2000 (ब्रैम्पटन के बाहर से) पर फोन करके, इसकी रिपोर्ट करें।

पटाखों से सुरक्षा और बाइ-लॉज के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/fireworks पर जाएं।

**ब्रैम्पटन ट्रांज़िट**

ब्रैम्पटन ट्रांज़िट, कैनेडा डे को, रविवार/छुट्टी वाले शेड्यूल पर चलेगी। टर्मिनल्स पर ग्राहक सेवा (Customer Service) काउंटर बंद हैं और संपर्क केंद्र (Contact Centre), सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक सहायता के लिए उपलब्ध है।

ब्रैम्पटन ट्रांज़िट, दोपहर 12 बजे से रात 10:30 बजे के बीच, चिंग्कूज़ी पार्क में कैनेडा डे के जशन हेतु आने-जाने के लिए मुफ्त शटल बस सेवाएं प्रदान करेगा! निम्नलिखित चार स्थानों में से किसी एक पर मुफ्त शटल बस की सवारी करें:

- माउंट प्लैज़ैंट गो स्टेशन (Mount Pleasant GO Station)
- ट्रिनिटी कॉमन मॉल (Trinity Common Mall)
- शेरिडन कॉलेज (Sheridan College)
- गोर मेडोज कम्युनिटी सेंटर (Gore Meadows Community Centre)

रूट और शेड्यूल जानकारी के लिए, 905.874.2999 पर फोन करें या www.bramptontranit.com पर जाएं।

ब्रैम्पटन ट्रांज़िट की बसों पर और ब्रैम्पटन ट्रांज़िट के टर्मिनल्स पर मास्क वैकल्पिक हैं। उनका सम्मान करें, जो मास्क पहनना जारी रखना चाहते हैं और जो नहीं पहनना चाहते।

सेवा अपडेट्स के लिए, www.bramptontransit.com पर जाएं और अथवा Twitter पर @bramptontransit को फॉलो करें। सवाल सीधे ब्रैम्पटन ट्रांज़िट के संपर्क केंद्र से 905.874.2999 पर पूछे जा सकते हैं।

**ब्रैम्पटन के पार्क**

बिना जंजीर बांधे कुत्तों के लिए उपलब्ध पार्कों सहित, ब्रैम्पटन की सभी ट्रेल्स, प्लेग्राउंड और पार्क, कैनेडा डे को खुले रहेंगे। हर किसी के स्वास्थ्य और तंदरुस्ती के लिए शारीरिक गतिविधि महत्वपूर्ण है! हमारे पार्क और रेक्रिएशन ट्रेल्स देखने के लिए, www.brampton.ca/parks पर जाएं।

**ब्रैम्पटन रेक्रिएशन**

ब्रैम्पटन के रेक्रिएशन सेंटर कैनेडा डे को संशोधित समय के मुताबिक खुलेंगे। छुट्टी के घंटे, यहां (here) देखे जा सकते हैं।

टेनिस और पिकलबॉल कोर्ट्स, स्पलैश पैड्स और रेक्रिएशनल ट्रेल्स सहित, कई प्रकार की आउटडोर सुविधाओं के बारे में जानकारी के लिए, www.brampton.ca/summerfun पर जाएं।

रेक्रिएशन सेंटर्स, उपलब्ध प्रोग्रामों, मेम्बरशिप्स आदि के बारे में जानकारी के लिए, www.brampton.ca/recreation पर जाएं।

**ब्रैम्पटन लाइब्रेरी**

ब्रैम्पटन लाइब्रेरी (Brampton Library) की सभी ब्रांचें, कैनेडा डे को बंद रहेंगी। 3 जुलाई, 2022 से, सभी ब्रांचें प्रत्येक रविवार को बंद रहेंगी।

ईबुक्स और ईऑडियोबुक्स, स्ट्रीम टेलिविजन और मूवीज लेने के लिए, कई प्रकार के शिक्षात्मक, रचनात्मक और प्रोफेशनल डिजिटल प्रशिक्षण प्लेटफॉर्मों तक पहुंच के लिए ऑनलाइन, www.bramptonlibrary.ca पर हमसे जुड़ें। हमारे, कैलंडर ऑफ इवेंट्स (calendar of events) के द्वारा हर उम्र और रुचि वाले व्यक्तियों के लिए वर्चुअल (आभासी), इन-ब्रांच और ड्रॉप-इन (बिना बुक किए) प्रोग्रामों के लिए रजिस्टर करें और हमारे ईमेल अपडेट्स के लिए सब्स्क्राइब करें (subscribe to our email updates)। हमें Facebook, Twitter, Instagram और LinkedIn पर फॉलो करें। iOS और Google Play पर ब्रैम्पटन लाइब्रेरी का मोबाइल ऐप जरूर डाउनलोड करें। हमारे ऐप के बारे में विवरणों के लिए यहां क्लिक करें (Click here for more details about our app)। हमारे स्टाफ के साथ लाइव चैट या सवाल पूछने के लिए, हमारी वेबसाइट पर जाएं (live chat with our staff, or Ask A Question, visit our website)।

**ब्रैम्पटन एनिमल सर्विसिज**

ब्रैम्पटन एनिमल शेल्टर (Brampton Animal Shelter), कैनेडा डे को बंद रहेगा। एनिमल कंट्रोल (Animal Control), सुबह 8 बजे से शाम 6:30 बजे तक सड़क पर मौजूद होगा और इन घंटों के बाद, एमरजेंसी संबंधी कॉल्स का जवाब देना जारी रखेगा।

-30-

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca